दिन– गुरुवार दिनांक– 30 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंकी।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व का अपमान करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तीखी आलोचना की।

03. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा किया– महागठबंधन की सरकार बनने पर ही विकसित बिहार का सपना होगा पूरा।

04. और, निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बिहार से जुड़े सीमावर्ती राज्यों उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये।

———————————————————

छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान में विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एनडीए की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। वहीं, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी प्रयाद यादव और भाकपा–माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य समेत विभिन्न घटक दलों के नेता अपने प्रत्याशियों के समर्थन में धुंआधार प्रचार कर रहे हैं।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर छठ पर्व का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ओर विपक्षी दल इस पर्व को ड्रामा बता रहे हैं वहीं, दूसरी ओर एनडीए सरकार इस पर्व को यूनेस्को की सूची में शामिल कराने का प्रयास कर रही है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंशवाद की राजनीति ही कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की मुख्य पहचान है। श्री मोदी ने कहा कि राजद के चुनावी प्रचार में पिस्टल, छूरी और बन्दूकों की बात होना पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है और उसके द्वारा पहले स्थापित जंगलराज की याद दिलाता है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्‌देश्य राज्य से युवाओं के पलायन को रोकना है।

———बाईट———

————————————————————————————

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखीसराय, मुंगेर के तारापुर, नालंदा के हिलसा और पटना के पालीगंज में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने महागठबंधन के घटक दलों पर बिहार की सांस्कृतिक विरासत को अपमानित करने का अरोप लगाया। श्री शाह ने कहा कि छठ पर्व पर आपत्तिजनक बयान देकर इन दलों ने अपनी मानसिकता का परिचय दे दिया है। श्री शाह ने कहा कि नीतीश कुमार ने जंगलराज को समाप्त कर बिहार में विकास के नये युग की शुरूआत की है।

———बाईट———

————————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्‌डा ने आज हरनौत और बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये लोगों से एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन की अपील की। श्री नड्‌डा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से वापस निकाला है। आज प्रदेश में चारों तरफ विकास की नई लहर है। उन्होंने महागठबंधन पर घोषणा पत्र के जरिये आम लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

————————————————————————————

जदयू अध्यक्ष नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय के मटिहानी, खोदावंदपुर, मुंगेर के जमालपुर और शेखपुरा के घाटकुसुम्भा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार ने अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये कहा कि न्याय के साथ विकास एनडीए सरकार की प्राथमिकता रही है।

———बाईट———

————————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने नालंदा के नूरसराय और शेखपुरा के बरबीघा में महागठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री गांधी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर एक नया बिहार के सपने को साकार किया जायेगा, जिसमें हरेक व्यक्ति के लिए रोजगार, अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो।

———बाईट———

————————————————————————————————

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की आज होनी वाली कई चुनावी सभाएं खराब मौसम के कारण नहीं हो सकी। श्री यादव ने दरभंगा के गौराबौराम में वीआईपी प्रत्याशी संतोष सहनी के लिए वोट मांगे। इधर, मुजफ्फरपुर के कांटी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री यादव ने कहा कि उनकी लड़ाई बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई खत्म कर भ्रष्टाचार मुक्त बिहार बनाने की है।

———बाईट———

————————————————————————————————

एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आज सीमांचल में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में कई जनसभाओं को संबोधित किया। श्री ओवैसी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुये कहा कि अल्पसंख्यकों को अब वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

———बाईट———

————————————————————————————————

भाकपा—माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने दरौली विधानसभा क्षेत्र के गुठनी में पार्टी प्रत्याशी सत्यदेव राम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इधर, सीपीआई, सीपीएम, जन सुराज पार्टी, जनशक्ति जनता दल और बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों ने भी अपने—अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

————————————————————————————————

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए कल अपना घोषणा पत्र जारी करेगा। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा पत्र जारी किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव को देखते हुये झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों तथा एसएसबी के महानिदेशक को बिहार के सीमावर्ती क्षत्रों में कड़ी सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। आयोग ने आज बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव और

पुलिस महानिदेशकों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय और विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी भी शामिल थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों को खुफिया जानकारी के आधार पर काले धन, नशीले पदार्थ, शराब और नकदी समेत अन्य सामानों की जब्ती तेज करने के निर्देश दिये।

———————————————————————

पटना के मोकामा के घोसवारी में जन सुराज के उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के काफिले पर हुये हमले में उनके चाचा दुलारचन्द्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जन सुराज के नेताओं ने जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह के समर्थकों पर हत्या का आरोप लगाया है। पार्टी प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी ने बताया कि उनका काफिला अनंत सिंह के काफिले के पीछे था। अचानक से उनके समर्थकों ने हमला कर दिया और गोलीबारी की। गोलीबारी की घटना में दुलारचन्द्र यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले के हरेक पहलु की जांच कर रही है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अपमान जनक शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई है।

———————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बताया है कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कल गुजरात के केवड़िया में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रतीक के रूप में एक शानदार एकता परेड का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परेड का उद्घाटन करेंगे। हर साल 31 अक्तूबर को एकता नगर में यह परेड आयोजित की जाएगी। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि देश में बडे स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा।

———बाईट———

रन फॉर यूनिटी को बड़े स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। देश के सभी राज्य, केंद्रशासित प्रदेश जिला, पुलिस स्टेशन, सभी स्कूल और यूनिवर्सिटी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ है। उसके बाद देश का प्रत्येक नागरिक देश की एकता और अखंडता के लिए शपथ लेने का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

———————————————————————

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से प्रदेशभर के मौसम में बदलाव आया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई है। गया के इमामगंज में सबसे अधिक चौहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल अररिया, किशनगंज, मुंगेर, बांका और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश की सम्भावना है।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने स्वच्छता अभियान फाइव प्वाइंट ओ की समीक्षा के लिये आकाशवाणी पटना का निरीक्षण किया। श्री चरण ने कार्यक्रम के तहत आकाशवाणी पटना के क्रियाकलापों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आकाशवाणी परिसर में पौधारोपण भी किया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए एनडीए और महागठबंधन के नेताओं ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंकी।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व का अपमान करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तीखी आलोचना की।

03. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा किया– महागठबंधन की सरकार बनने पर ही विकसित बिहार का सपना होगा पूरा।

04. और, निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बिहार से जुड़े सीमावर्ती राज्यों उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।